हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 09 अप्रैल 2025, समय 1305 (5 मिनट)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि संसद से वक्फ संशोधन विधेयक 2025 पारित होना सामाजिक न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मुस्लिमों सहित सभी समुदायों की हित-रक्षा में इस विधेयक को पारित करने के लिए संसद को बधाई देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि अब वक्फ की शुचिता संरक्षित रहेगी और वंचित वर्गों, महिलाओं और बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा होगी। प्रधानमंत्री कल रात नई दिल्ली में एक निजी मीडिया हाउस के अयोजन को संबोधित कर रहे थे।

साथियों मैं देश की संसद को सर्व समाज के हित में, मुस्लिम समाज के हित में एक शानदार कानून बनाने के लिए बधाई देता हूँ। अब वक्फ की पवित्र भावना की भी रक्षा होगी और गरीब पसमांदा मुसलमान, महिला, बच्चे सबके हक भी महफ़ूज़ रहेंगे।

श्री मोदी ने उल्लेख किया कि वर्ष 2025 के शुरूआती सौ दिनों में सरकार ने न केवल महत्वपूर्ण फैसले किए बल्कि भविष्य की सुदृ नींव भी रखी।प्रधानमंत्री ने इस बात पर बल दिया कि अनेक वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत तेज गति से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों का पहले यह मानना था कि भारत की प्रगति धीमी रहेगी, वे अब तेज गति से विकसित होते निर्भय भारत को देख रहे हैं।

****

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने आज यमुनानगर जिला के क़स्बा रादौर और सरस्वती नगर की अनाज मंडियों में अटल किसान-मजदूर कैंटीन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा की सभी 240 मंडियों में ऐसी कैंटीन स्थापित की जाएंगी।इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा

कि राज्य सरकार की इस पहल का उद्देश्य न केवल किसानों और मजदूरों को सस्ती दरों पर शुद्ध भोजन उपलब्ध कराना है, बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना भी है। ये कैंटीनें महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा संचालित की जा रही हैं। कैंटीन में दाल, सब्ज़ी, चार रोटियां और चावल मात्र 10 रुपये में उपलब्ध होंगे। यह सेवा प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक जारी रहेगी, जिसमें एक समय में 50 से 60 लोगों को भोजन कराया जा सकेगा।

****

"नशा मुक्त हरियाणा " के संदेश को लेकर हरियाणा में चल रही 'साइक्लोथॉन आज सुबह रेवाड़ी से पलवल जिले के लिए रवाना हुई ये यात्रा आज रेवाड़ी और पलवल जिले के विभिन्न गावों और कस्बों से होती हुई शाम को नूंह पहुंचेगी। कल इस 'साइक्लोथॉन के रेवाड़ी जिले के गांव भालकी माजरा में प्रबेश किया था जहाँ बावल के विधाया डॉ कृष्ण कुमार भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ वंदना पोपली सहित सैकड़ों लोगों ने नशे के खिलाफ जागरूकता फैला रहे साइकिल चालकों का पुष्प वर्षा से स्वागत किया। 'साइक्लोथॉन के विभिन्न पड़ाव के दौरान लौटे में सांकेतिक रूप से नमक डालकर युवा नशे से दूर रहने की सपथ भी ले रहे हैं।

****

कुरुक्षेत्र की उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा है कि रबी के सीजन में फसल अवशेषों में आग लगाने वाले के खिलाफ सीधे मुकदमा दर्ज किया जाएगा। साथ ही 5 हजार से लेकर 30 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया जाएगा।

****

हरियाणा के कई जिलों में लू चल रही है। चंडीगढ़ में मौसम विभाग के निदेशक डॉ सुरेंद्र कुमार ने बढ़ते तापमान पर बताया -

उन्होंने कहा कि 10 और 11 अप्रैल को हल्की बारिश से तापमान में कमी आएगी।

****